उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,

निकट–महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कालेज, थानों रोड, रायपुर, देहरादून।

(दूरभाष/फैक्स–0135–2669658 ई–मेल–chayanayog@gmail.com)

पत्रांक– 01/आति०/प०/2022-23 दिनांक–23/05/2022

अधिसूचना/विज्ञप्ति

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के विज्ञापन संख्या– 25/उ०अ०से० च०आ०/2020 दिनांकः 06 मार्च, 2020 में विज्ञापित कनिष्ठ सहायक, डाटा एंट्री ऑपरेटर, कनिष्ठ सहायक सह डाटा एंट्री ऑपरेटर, कर संग्रहकर्ता, अमीन भूमि अध्याप्ति निरीक्षक, सर्वे लेखपाल, रिकार्डकीपर, पेशकार, टेलीफोन ऑपरेटर, स्वागती की लिखित प्रतियोगी परीक्षा दिनांक 31 अक्टूबर, 2021 को दो पालियों में संचालित की गई।

आयोग की अधिसूचना/विज्ञप्ति संख्या– 61 दिनांक 11 मई, 2022 के द्वारा अवगत कराया जा चुका है कि दिनांक 30 मई, 2022 से 01 जून, 2022 तक उक्त पदों में से टंकण की अर्हता के पदों के लिए टंकण परीक्षा Siddhartha Group of Institutions Computers Lab, Near IT Park, Dobachi, Sahastradhara Road, Dehradun में संचालित की जायेगी।

टंकण परीक्षा के लिए चयनित अभ्यर्थियों से अपेक्षा है कि वे विज्ञापन में पदों के अनुसार टंकण की अर्हता इत्यादि का भलि–भांतिपूर्वक अध्ययन कर टंकण परीक्षा के लिए आयें। विज्ञापन में उल्लेखित है कि **उत्तराखण्ड पेयजल विकास एवं निर्माण निगम** के अन्तर्गत कनिष्ठ सहायक पद हेतु अभ्यर्थी को **हिन्दी तथा अंग्रेजी** में कम्प्यूटर पर प्रति घण्टा 4000 की–डिप्रेशन (Key Depression) की न्यूनतम गति आवश्यक है अर्थात् इस पद के लिए इच्छुक अभ्यर्थी को हिंदी टंकण के साथ अंग्रेजी टंकण परीक्षा में भी प्रतिभाग कराना अनिवार्य है। जो अभ्यर्थी हिंदी व अंग्रेजी टंकण परीक्षा में सम्मिलित नहीं होगे, उनका चयन उक्त पद के लिए नहीं किया जायेगा। जो अभ्यर्थी अंग्रेजी टंकण परीक्षा में सम्मिलित नहीं होना चाहते है, उन्हें आयोग द्वारा टंकण परीक्षा के समय एक घोषणा पत्र का प्रारूप दिया जायेगा जिसे तत्समय अभ्यर्थी द्वारा भर कर वापस दिया जाना होगा। विज्ञापन में जहां केवल टंकण परीक्षा का उल्लेख किया गया है अर्थात हिंदी या अंग्रेजी टंकण के माध्यम का उल्लेख नहीं किया गया है, वहां केवल हिंदी टंकण परीक्षा ली जायेगी।

अभ्यर्थी को पहले हिंदी टंकण परीक्षा में प्रतिभाग करना होगा। हिंदी टंकण परीक्षा में अर्ह पाये जाने पर ही अभ्यर्थी को अंग्रेजी टंकण परीक्षा में प्रतिभाग करने का अवसर दिया जायेगा।

आयोग द्वारा उक्त विज्ञापन जारी करने के उपरांत में नियोक्ता विभाग द्वारा रिकार्डकीपर व पेशकार के पदों के लिए भी हिंदी टंकण की 4000 KDPH की अर्हता जोड़ी गई है। इसका संशोधन विज्ञप्ति/शुद्धि–पत्र संख्या 634 दिनांक 28 सितंबर, 2020 को आयोग की वेबसाइट पर जारी किया गया है। इसलिए इन पदों के लिए भी टंकण परीक्षा में अर्ह होना आवश्यक है।

टंकण सॉफ्टवेयर पर बांयी ओर टंकण परीक्षा की लिखित विषय–वस्तु को अभ्यर्थी द्वारा बिल्कुल वैसा (As it is) ही दांयी ओर टाइप करना है। शब्दों या अक्षरों में अभ्यर्थी द्वारा अपनी तरफ से कोई सुधार (लिंग, वचन, मात्रा इत्यादि) नहीं करना है।

टंकण परीक्षा के लिए अभ्यर्थी अपना Keyboard ला सकते है। परंतु अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर ले कि उनके Keyboard की Keys में हिंदी अक्षर अंकित (Print) न हो। अभ्यर्थी ऐसा Keyboard लेकर आयें जिसे कम्प्यूटर से USB द्वारा जोड़ा जाये। अभ्यर्थी को Bluetooth/Wireless Keyboard के प्रयोग की अनुमति नहीं है।

टंकण परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों के प्रवेश–पत्र दिनांक 23.05.2022 से प्रकाशित किये जा रहे है। अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट से अपना प्रवेश–पत्र डाउनलोड कर इसका प्रिंटआउट तथा अपना फोटोयुक्त पहचान पत्र व 02 पासपोर्ट साइज की फोटों साथ ले कर आयें। टंकण परीक्षा से संबंधित अन्य प्रक्रिया व अनुदेश आयोग की वेबसाइट पर पूर्व से ही अपलोड है, इनके अध्ययन के साथ अभ्यर्थी अपने प्रवेश पत्र पर लिखे गये निर्देशों का भी भलिभांति अध्ययन कर लें।

23/5

सचिव

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,

देहरादून।